प्रभात खबर

स्वीफ्ट कार और सूमो से हो रही थी नकली शराब की तस्करी, दो पकड़ाये

रामगढ़: रामगढ़ से भारी मात्रा में अवैध शराब लोड कर वाहन से बिहार ले जाने की सूचना पर गुरुवार शाम छापामारी अभियान चलाया गया. पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल ने रामगढ़ पटेल चौक ओवरब्रिज के समीप दो संदिग्ध वाहन की जांच की. इसमें भारी मात्रा में शराब की पेटी लोड पायी गयी. उक्त जानकारी पत्रकार सम्मेलन कर एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने दी. पकड़ाये वाहन चालकों से नाम व पता पूछा गया और वाहन पर लदी शराब से संबंधित कागजात की मांग की गयी.

वाहन चालकों द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर शराब की जांच की गयी. दोनों वाहन पर 320 पीस प्लास्टिक बोतल ह्विस्की बरामद हुई. उस पर नाइट गर्ल कंपनी का स्टीकर लगा हुआ था. समाचार भेजे जाने तक रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही थी.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/ramgarh/smuggling-of-spurious-liquor-being-done-in-swift-car-and-sumo-srn